7	हितग्राही कहां संपर्क करें।	निकटतम पशु चिकित्सा संस्था/जिला कार्यालय पशु चिकित्सा सेवायें।

efgyk ,oa cky fodkl

efgyk ,o cky fodkl

ifjp; %&

महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास और कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने एवं गति देने के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग का गठन किया गया हैं।

foHkkx d nkf;Ro%&

- प्रदेश की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार लाना।
- बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्विक विकास तथा स्वास्थ्य वे पोषण की स्थिति में सुधार लाना, कुपोषण से बचाना।
- महिलाओं के संवैधानिक हितों की सुरक्षा करना, महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उन्हें सक्षम एवं जागरूक बनाना।
- प्रदेश में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं व बच्चों के विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन से समन्वयक की भूमिका निभाना।
- महिलाओं को सशक्त एवं समर्थ बनाने हेतु महिला सशक्तिकरण नीति के क्रियान्वयन का समन्वय।

foHkkx vrxr lpkfyr ie[k ;ktuk;@dk;Øe@lLFkk; lefdr cky fodkl ;ktuk &

शासन द्वारा महिलाओं तथा बच्चों के समग्र विकास हेतु यह कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इस योजना के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित कर इन केन्द्रों के माध्यम से 0 से 6 आयु वर्ग के बच्चों तथा गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को छः सेवायें दी जाती है तथा पूरक अनौपचारिक शिक्षा तथा परामर्श सेवाऍं। राज्य में इस योजना के अंतर्गत 158 बाल विकास परियोजनायें तथा इनके तहत कुल 29437 आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत है।

ik"k.k vkgkj dk;Øe %&

वर्तमान में 146 बाल विकास परियोजनाओं में स्थानीय व्यवस्था अंतर्गत दलिया तथा 6 शहरी बाल परियोजनाओं में रेडी टू ईट पोषण आहार के रूप में ब्रेड उपलब्ध कराया जा रहा है।

नेशनल न्यूट्रीशन मिशन (मिनीमाता पोषण आहार योजना) के अंतर्गत सरगुजा जिले में 35 किलोग्राम से कम वजन की किशोरी बालिकाओं को प्रति माह 10 किलो अनाज निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। आयरन की कमी से होने वाली रोगों से बचाव हेतु 146 परियोजनाओं में प्रतिमाह प्रति हितग्राही 500 ग्राम के मान से लौह युक्त नमक टेक होम राशन पद्वति से प्रदाय किया जा रहा हैं।

e[;e=h dU;knku lkefgd fookg ;ktuk %&

प्रदेश में निर्धन परिवारों को कन्या के विवाह के संबंध में होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए छत्तीसगढ़ निर्धन कन्या सामूहिक विवाह योजना लागू की गई हैं।

योजनांतर्गत गरीबी रेखा से नीचे– जीवन यापन करने वाले परिवार को 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को सामूहिक विवाह समारोह में विवाह करने पर 4000,00 रूपये तक की आर्थिक सहायता सामग्री के रूप में दी जाती है, तथा सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के लिए प्रति कन्या राशि रूपये 1000,00 तक व्यय का प्रावधान है।

vk;"efr ;ktuk%&

ग्रामीण क्षेत्र की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की बीमार महिलाओं के ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, खण्ड स्तरीय चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक सप्ताह तक उपचार हेतु भर्ती रहने पर 400,00 रूपये तक तथा एक सप्ताह से अधिक भर्ती रहने पर 1000,00 रूपयें तक की चिकित्सा सुविधा के तहत ईलाज, दवा, पौष्टिक आहार आदि उपलब्ध कराया जाता है।

nRrd i=h f'k{kk ;ktuk %&

गरीब बालिकाओं को सक्षम व्यक्यिों, समाजसेवी संस्थाओं से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर उन्हे शालाओं में प्रवेश दिलाकर उनकी शिक्षा निरन्तर रखने का प्रयास किया जाता है। इसके तहत् प्राथमिक शाला में पढ़ने वाली बालिका के लिए रूपये 300,00 प्रतिवर्ष की सहायता उपलब्ध कराई जाती है जो कि नगद राशि के अलावा कपड़े, पुस्तक आदि के रूप में हो सकती है।

efgyk tkxfr f'kfoj%&

ग्राम पंचायत, जनपद एवं जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला जागृति शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनको कानूनी अधिकारों, प्रावधानों के प्रति जागृत करना, विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक एवं सक्रिय बनाना तथा सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्व महिलाओं को जागृत व संगठित करना है।

fd'kksjh 'kfDr ;ktuk %&

यह योजना 11–18 वर्ष की बालिकाओं के लिये हैं। इसके अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को आंगनबाड़ी से संलग्न कर मातृत्व के लिये तैयार करने हेतु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, बच्चों की देखभाल तथा अन्य आवश्यक विषयों पर प्रशिक्षण, पूरक पोषण आहार, रक्ताल्पता होने पर आयरन फोलिक एसिड, टीकाकरण (टी.टी.) स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवा आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

Lo;a fl}k ¼,dhd`r efgyk l'kfDrdj.k dk;Øe½ %&

महिलाओं को सामाजिक आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योजना भारत शासन की स्वीकृत से प्रदेश के चयनित 17 विकासखंडों में लागू की गयी है। योजनांतर्गत प्रत्येक विकासखं में 100 महिला स्व–सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। समूह को आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रशिक्षण व अन्य गतिविधियॉ आयोजित की जा रही है।

jkT; ohjrk iqjLdkj %&

प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित असाधारण वीरता, साहस एवं बुद्धिमान के लिए पुरस्कृत करने हेतु राज्य वीरता पुरस्कार नियम 2004 लागू किये गये हैं, जिसके अंतर्गत प्रति बालक/बालिका को एकमुश्त 10 हजार रूपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

jk"Vªh; 'kkS;Z iqjLdkj@jkT; ohjrk iqjLdkj ls lEekfur ckyd@ckfydk gsrq Nk=ofRr&

राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार/राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2004 में बनाये गये। सम्मानित बालक/बालिका को अध्ययन के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार प्राप्त बालक/बालिका को स्कूल शिक्षा के दौरान 200,00 प्रतिमाह तथा महाविद्यालय शिक्षा के दौरान रूपये 500,00 प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति दी जाती है।

उपरोक्त दोनों योजनायें राज्य बाल कल्याण परिषद के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही है।

NRrhlx<+ Vksugh izrkM+uk fuokj.k vf/kfu;e 2005

महिलाओं को टोन ही के रूप में चिन्हित कर उन्हें उत्पीड़ित किये जाने की घटनाओं को रोकने एवं इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन हेतु छत्तीसगढ़ टोन ही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 लागू किया गया है।

N-x- ngst izfr"k/k fu;e 2004

छहेज प्रतिषेध अधिनियम (1961) की धारा 10 द्वारा प्रदन्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ दहेज प्रतिषेध नियम–2004 लागू किये गये हैं। 18 जिलों में दहेज प्रतिषेध अधिकारी एवं राज्य स्तर पर मुख्य दहेज प्रतिषेध अधिकारी नामांकित किये गये।

lalk/ku rFkk izf'k{k.k dsUnzk dh LFkkiuk %&

रायपुर में राज्य स्तरीय संसाधन केन्द्र तथा बिलासपुर एवं जगदलपुर में क्षेत्रीय महिला प्रशिक्षण संस्थान केन्द्र स्थापित कर प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया गया है। प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए स्वयं का भवन बनाए

जाने गृह निर्माण मंडल के माध्यम से कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।

v'kkldh; lLFkkvk dk vunku %&

विभागीय मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक स्वयंसेवी संस्थाओं को विभिन्न महिला एवं बाल कल्याण की गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्रदान करने हेतु अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। उदाहरण के लिए बालबाड़ी, झूलाधर, अनाथालय, सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन आदि।

foHkkxh; lLFkk,a %&

प्रदेश में महिलाओं एवं बालकों के कल्याण से संबंधित निम्नलिखित संस्थायें संचालित हैं–

1. 16 वर्ष से अधिक आयु की अनाथ कन्याओं, विधवा, निराक्षित, परित्यक्ता, अविवाहित माताओं, तिरस्कृत व बेसहारा एवं समाज से प्रताड़ित महिलाओं को आश्रय व सहारा प्रदान करने तथा उनके निःशुल्क परिपालन व पुर्नवास के लिए प्रदेश में रायपुर, सरगुजा एवं दंतेवाड़ा में नारी निकेतन।
2. कुष्ठ रोगियों के 18 वर्ष आयु तक के स्वस्थ बच्चों को उनके माता–पिता से अलग रखकर उन्हें स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्रमशः कवर्धा, जगदलपुर तथा दुर्ग में बालकों के लिए एवं बिलासपुर तथा रायपुर में बालिकाओं के लिए बाल संरक्षण गृह।
3. निम्न मध्यम आय वर्ग की कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल के लिए क्रमशः बिलासपुर एवं रायपुर में शासकीय झूलाघर।
4. 6 वर्ष आयु तक के बच्चों के मानसिक तथा शारीरिक विकास के लिए क्रमशः रायपुर एवं बिलासपुर में बालबाड़ी सह संस्कार केन्द्र।
5. अनाथ बच्चों व निराश्रित महिला को एक साथ परिवार के रूप में गठित करके पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु बिलासपुर तथा राजनांदगांव, जगदलपुर, दुर्ग में मातृ कुटीर।

NRrhlx<+ efgyk dks"k dh _.k ;kstuk %&

छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक विकास संबंधी कार्य हेतु महिला कोष का गठन छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के तहत किया गया है। महिला कोष द्वारा ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों को आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2003 से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत स्व–सहायता समूहों की बचत राशि का 4 से 10 गुना अथवा अधिकतम 20,000 रूपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

योजना के महत स्वैच्छिक संगठन का 5.5 प्रतिशत एवं स्वयं सहायता समूहों को 6.5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाता है।

efgyk Lo lgk;rk legk dk xBu %&

महिला सशक्तिकरण मिशन के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं को संगठित करने, उन्हें समूह में छोटी–छोटी बचत करने एवं अपनी छोटी–मोटी जरूरतों की पूर्ति हेतु समूह में ही न्यूनतम दर पर लेनदेन करने के लिए सक्षम बनाने में तथा महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक सशक्तिकरण हेतु स्व–सहायता समूहों का गठन सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

lid %&

ftyk dk;Øe vf/kdkjh@ftyk efgyk ,o cky fodkl vf/kdkjh] inu ftyk ic/kd] cky fodkl ifj;ktuk vf/kdkjh] i;o{kd] vkxuckMh dk;drkA

NRrhlx< jkT; efgyk vk;kx

,p-vkb-th-&10] dfork uxj] ryhck/kk] jYo Økflx d vkx] vueky IyV d ikl]jk;ij N-x- Qku & 0771&4013189] 4023996 QDl

———0———

स्वास्थ्य

संजीवनी जीवन रेखा कोष

1.	क्रियान्वयन एजेन्सी	–	जिला प्रशासन।
2.	कार्यक्षेत्र	–	जिला ।
3.	योजना का उद्देश्य	–	गंभीर बीमारी के मरीज को चिकित्सा सहायता देना।
4.	हितग्राही की पात्रताएँ	–	छत्तीसगढ़ का मूल निवासी गरीबी रेखा से नीचे रहने वाला ।
5.	मिलने वाले लाभ	–	25 हजार से डेढ़ लाख रुपये तक की चिकित्सा सहायता व्यक्ति को न दी जाकर इलाज के लिये संबंधित संस्थान को दी जाती है।
6.	संपर्क	–	कलेक्टर कार्यालय, सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आवेदन पत्र उपलब्ध ।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम

1.	क्रियान्वयन एजेन्सी	–	स्वास्थ्य विभाग ।
2.	कार्यक्षेत्र	–	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़।
3.	योजना का उद्देश्य	–	मलेरिया से बचाव, ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार से पीडित व्यक्तियों की रक्त पटटी बनाकर उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराना और रक्त पटटी के परीक्षण के बाद मलेरिया का इलाज कराना।
4.	हितग्राही की पात्रताएँ	–	सभी पीडित व्यक्ति ।
5.	मिलने वाले लाभ	–	दवाईयॉ ।
6.	संपर्क	–	निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र ।

पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियत्रंण कार्यक्रम

1. क्रियान्वयन एजेन्सी – स्वास्थ्य विभाग।
2. कार्यक्षेत्र – सम्पूर्ण छत्तीसगढ़।
3. योजना का उद्देश्य – संभावित नये क्षय रोगियों के खखार की जॉच, खखार की जॉच में पाये गये धनात्मक रोगियों का इलाज।
4. हितग्राही की पात्रताऍ – सभी पीडित व्यक्ति ।
5. मिलने वाले लाभ – दवाईयॉ।
6. संपर्क – निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र ।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम

1. क्रियान्वयन एजेन्सी – स्वास्थ्य विभाग ।
2. कार्यक्षेत्र – सम्पूर्ण छत्तीसगढ़।
3. योजना का उद्देश्य – समाज में छिपे सभी कुष्ठ रोगियों को खोजकर उन्हें बहुऔषधि उपचार नियमित और पूर्ण दिलाकर रोग पर नियंत्रण करना ताकि कुष्ठ रोग का प्रसार रुक जाये और रोग की प्रभावी दर एक व्यक्ति या उससे कम प्रति 10,000 जनसंख्या में हो जाये।
4. हितग्राही की पात्रताऍ – सभी पीडित व्यक्ति ।
5. मिलने वाले लाभ – दवाईयॉ ।
6. संपर्क – निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र।

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम

1. क्रियान्वयन एजेन्सी – स्वास्थ्य विभाग ।
2. कार्यक्षेत्र – सम्पूर्ण छत्तीसगढ़।
3. योजना का उद्देश्य – मोतिया बिन्द और अन्य प्रकार की दृष्टिहीनता पर नियंत्रण लाना। दृष्टिहीनता की दर 2.1 प्रतिशत से कम कर 0.3 प्रतिशत तक लाना।

4.	हितग्राही की पात्रताएॅ	–	सभी पीडित व्यक्ति ।
5.	मिलने वाले लाभ	–	हितग्राही का ऑपरेशन और दवाईयॉ। स्वयंसेवी संस्थाओं को मोतिया बिन्द ऑपरेरशन के लिये शासन द्वारा अनुदान दिया जाता है।
6.	संपर्क	–	निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र ।

सिकलसेल विकृति हेतु नियंत्रण कार्यक्रम

1.	क्रियान्वयन एजेन्सी	–	जिला चिकित्सालय ।
2.	कार्यक्षेत्र	–	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़।
3.	योजना का उद्देश्य	–	सिकलसेल विकृति की रोकथाम और नियंत्रण।
4.	हितग्राही की पात्रताएॅ	–	सभी पीडित व्यक्ति ।
5.	मिलने वाले लाभ	–	सिकलसेल परीक्षण किया जाएगा।
6.	संपर्क	–	निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र ।

मितानिन कार्यक्रम

1.	क्रियान्वयन एजेन्सी	–	स्वास्थ्य विभाग ।
2.	कार्यक्षेत्र	–	सम्पूर्ण छत्तीसगढ़।
3.	योजना का उद्देश्य	–	स्वास्थ्य सेवाओं एवं उससे जुड़े अधिकारों पर लोगों की चेतना बढ़ाना और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना।
4.	हितग्राही की पात्रताएॅ	–	गांव का प्रत्येक व्यक्ति ।
5.	मिलने वाले लाभ	–	स्वास्थ्य संबंधी जानकारी मिलती है।
6.	संपर्क	–	निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
National Rural Health Mission (NRHM)

mnn' ; &

- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 12 अप्रैल 2005 से प्रारंभ हुये इस मिशन का उद्‌देश्य ग्रामीण क्षेत्र की आबादी जिसमें महिलाओं एवं बच्चों को सामूहिक रुप से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं/योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।
- इस कार्यक्रम में कुशल सेवा जबावदेही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम में 18 राज्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें स्वास्थ्य सूचकांक के अनुसार जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, आसाम एवं कश्मीर सहित आदि राज्यों को शामिल किया गया है।
- इस कार्यक्रम के अतंर्गत महत्वपूर्ण लक्ष्यों में शिशु एम.आर. नवजात एम.आर एवं मात्र एम.आर आदि को प्राप्त करने के साथ–साथ ग्राम पंचायतों के स्तर पर ग्राम पंचायत की स्वास्थ्य समिति एवं एस.एच.जी. के सदस्यों के साथ मिलजुल कर ग्रामीण स्वास्थ्य योजना तैयार करना है।
- ग्राम पंचायतों के साथ ग्राम पंचायत की स्वास्थ्य समिति एवं एस.एच.जी. के सदस्यों के साथ मिलजुल कर ग्रामीण स्वास्थ्य योजना तैयार करना है।

ykHk & ग्राम पंचायत के परिवार ।

fØ;kUo;u ,tUlh & ग्राम पंचायत।

lid & ब्लाक स्वास्थ्य अधिकारी, परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास/सी.ई.ओ., जनपद पंचायत ।

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त तकनीकी ईकाई : राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र (SHRC)

mnn' ; & राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य विभाग की एक अतिरिक्त तकनीकी ईकाई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत देश के अन्य प्रदेशों मे भी ऐसी ईकाईयां प्रारंभ की जा रही है। कुछ प्रदशों में इसके स्थापन की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी हैं। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, एक स्वतंत्र ईकाई है जो शासन तथा स्वास्थ्य संचालनालय को समय–समय पर तकनीकी सलाह प्रदान करती है। मितानिन जैसे प्रेरणात्मक कार्यक्रमो का क्रियान्वयन एवं स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न कार्यात्मक अनुसंधान करती है।

राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र का विभिन्न क्षेत्रो में योगदान इस प्रकार हैः–

- मितानिन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न चरणों का प्रशिक्षण, मानिटरिंग, प्रशिक्षण माडयूल का निर्माण आदि कार्यों के सफल क्रियान्यवयन में मदद। साथ ही मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए व्यवहार परिवर्तन किट का डिजाइन तैयार करना।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं प्रजनन शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य योजना निर्माण तथा विभिन्न कार्यक्रम के क्रियान्वयन गतिविधियों में सहयोग। जननी सुरक्षा योजना की मानिटरींग व फीडबैक में।
- जिला स्वास्थ्य योजना के निर्माण हेतु प्रशिक्षण तथा जिलों से प्रस्तुत योजना प्रस्ताव की तकनीकी समीक्षा का संपादन।
- यूरोपियन यूनियन राज्य साझेदारी कार्यक्रम की रुपरेखा निर्माण मे तकनीकी सहयोग एवं प्रदत्त कार्यों का क्रियान्वयन।
- स्वास्थ्य बीमा योजना का तकनीकी प्रारुप तैयार कर राज्य में इसके क्रियान्वयन हेतु तकनिकी सहयोग।
- जीवनदीप अस्पताल सुधार योजना के परिकल्पना में केन्द्रीय भूमिका एवं उसके क्रियान्वयन हेतु तकनिकी सहयोग।
- स्वस्थ्य पंचायत योजना के लिए स्वास्थ्य एवं मानव विकास सूचकांक के निर्माण, पारा आधारित पंचायतों की स्वास्थ्य स्थिति निर्धारण हेतु विभिन्न गतिविधियों का समन्वय एवं स्वस्थ पंचायत कम्प्यूटर साटवेयर के उपयोग से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य पंचायत योजना का क्रियान्वयन।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के दिशानिर्देशों का निर्माण, प्रशिक्षण माडयूल का निर्माण, ग्राम स्वास्थ्य नियोजन अभियान का क्रियान्वयन, समितियों का सुदृढ़ीकरण आदि में।
- राज्य स्वास्थ्य एवं जनसंख्या नीति प्रारुप निर्माण में पापुलेशन फाउन्डेशन ऑफ इन्डिया के साथ समन्वय की भूमिका।
- नर्सिग होम एक्ट का प्रारूप बनाने में।
- मेडिकल यूर्निवसिटी एक्ट के प्रारूप में।
- थ्त्न निगरानी में मदद एवं आवश्यक सुझाव।
- जन स्वास्थ्य संसाधन नेटवर्क अंतर्गत चिकित्सकों व अन्य स्त्रोत व्यक्तियों का प्रषिक्षण।
- ग्रामीण चिकित्सक सहायक कार्यक्रम की अभिकल्पना एवं उसका क्रियान्वयन में।
- प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर बच्चो/मातृ मृत्यु के कारण व उपाय इत्यादि।

- आयुष सेल का गठन एवं इसकी तकनीकी सहयोग ।
- छत्तीसगढ़ में दवा खरीदी प्रक्रिया एवं इसकी रख–रखाव नीति में तकनीकी सलाह देते हुए इसकी सेटअप तैयार करना।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ संविदा भर्ती प्रक्रिया में तकनीकी सहयोग।
- 1000 ग्रामीण चिकित्सा सहायको का प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग।
- ''गृह आधारित शिशु की देखभाल'' पर प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग।

Hkfo"; dh ;kstuk%&

1. नर्सों की कमी को पूरा करने के लिए वैकल्पित नर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा निर्माण।
2. स्वस्थ पंचायत अन्तर्गत स्वास्थ्य एवं मानव विकास सूचकांकों पर आधारित व्यवहारिक पंचायत योजना निर्माण हेतु ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के माध्यम से ग्राम स्वास्थ्य योजना बनाना।
3. मितानिन कार्यक्रम के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का व्यवहार परिवर्तन संचार किट पर प्रशिक्षण।
4. प्रबंधकीय सूचना तंत्र (HMIS) के सुदृढ़ीकरण हेतु प्रयोगात्मक पहल।
5. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, आर. सी. एच. II तथा यूरोपियन यूनियन राज्य साझेदारी कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न नवाचारी योजनाओं के संचालन में तकनीकी सहयोग।
6. शहरी बस्ती स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग।
7. मलेरिया पर राज्य के संदर्भ में उसके दवा प्रतिरोधी तथ्यों पर आपरेशनल रिसर्च करना।

सहभागिता की मिसाल – मितानिन कार्यक्रम

Hkfedk%& आम समुदाय के बीच स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ाने एवं शासकीय स्वास्थ्य सेवा को समुदाय के द्वारा बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विगत 6 वर्षों से मितानिन कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

मितानिन कार्यक्रम समूचे भारतवर्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आशा (सामुदायिक कार्यकर्ता) योजना के लिए मॉडल के रूप में उभर कर आया है। इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता यह है कि मितानिनें समुदाय द्वारा चुनी गई है। मितानिने स्वास्थ्य तथा समुदाय से जुड़े हुए कार्यों में मदद करती है और इन सभी कार्यों के लिए उन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता, इन महिलाओं द्वारा निःस्वार्थ भाव से स्वास्थ्य बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है।

dk;lde dh ljpuk%& मितानिन कार्यक्रम राज्य शासन स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिला स्तर पर कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य / आर.सी.एच. समिति द्वारा किया जा रहा है। चूंकि कार्यक्रम की प्रबंधन इकाई विकासखंड है इसलिए प्रत्येक विकासखंड में 3 जिला स्त्रोत सह खंड समन्वयक तथा 20 स्वयं सेवी महिला प्रशिक्षकों का दल विशेष रूप से गठित है। कार्यक्रम के अनुश्रवण तथा तकनीकी सहयोग के लिए प्रत्येक जिले में राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र की ओर से क्षेत्रीय समन्वयक तथा प्रशिक्षण के लिए राज्य प्रशिक्षण दल कार्यरत हैं तथा हर स्तर पर विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

ferkfuuk dk ;kxnku%& कार्यक्रम के प्रभाव को 6 विशेष कार्यक्षेत्रों में, मितानिनों की सक्रियता के आधार पर देखा जाता है:–

- किसी भी घर में प्रसव होने पर वहां पहुंचना तथा नवजात एवं मातृ रक्षा की सलाह देना।
- गर्भवती महिलाओं की संभावित प्रसव तिथि के आधार पर, उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करना और यदि घरेलू प्रसव हो रहा है तो सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक सलाह देना।
- पारा मोहल्ला के अंतर्गत लोगों को कुछ खास बीमारियों के लिए प्रारंभिक उपचार तथा दवाई उपलब्ध कराना तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य संस्थाओं में भेजना।

- स्वास्थ्य सेवा की बढ़ोत्तरी हेतु टीकाकरण तथा प्रसव पूर्व जांच के लिए लोगों को प्रेरित करना एवं इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा ए.एन.एम. से समन्वय करना।
- पारा मोहल्ला में विभिन्न स्तर के कुपोषित बच्चों की जानकारी रखते हुए उनके परिवारों को आवश्यक सलाह देना तथा इलाज के लिए प्रेरित करना।
- महिलाओं के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, स्वास्थ्य संगठन के निर्माण तथा पारा स्तरीय गतिविधियों में सक्रिय रहना।
- ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य योजना के निर्माण तथा क्रियान्वयन में सहयोग करना, विशेषकर ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की संयोजक के रूप में।
- प्रत्येक माह (20000) ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में लगभग 1600 ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर मितानिनें भाग ले रहीं है।
- राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मध्यान्ह भोजन, जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम अंतर्गत पारा स्तर पर समस्याओं को पहचानना और अलग अलग स्तर पर हल हेतु प्रयास करना।

- मितानिनों के लिए व्यवहार परिवर्तन किट अंर्तगत स्थानीय भोजन पर पुस्तक, प्रमुख संदेशों पर फिल्प चार्ट, तास के पत्ते का सेट, 3 फिल्म का एक निर्णय चार्ट के ऊपर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।
- ''मुख्य मंत्री दवा पेटी योजना'' कुल चयनित 60092 मितानिनों में से 59489 मितानिनों द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण कर मुख्यमंत्री दवापेटी गत चार वर्षो से प्रदान की रही है। तथा लोगों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। पारा स्तर पर सहीं समय पर इलाज की जरूरत के लिये मितानिन उपलब्ध रहती है। जिसके लिए मुख्यमंत्री दवापेटी योजना का प्रावधान किया गया है। जिसकी प्रतिपूर्ति 2 माह में एक बार की जाती है।
- विशेष जनजाति वाले मितानिनों की पहचान हो चुकी है, जिनकी संख्या लगभग 500 है। वह अबुझमाड़िया, बैगा, कमार, बिंछवार और पहाड़ी कोरबा से है, इनके विशेष प्रशिक्षण की कार्य योजना है।
- इस वर्ष कुल 32 मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक एवं जिला स्त्रोत व्यक्तियों को चार वर्षीय बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा दाखिला दिलाया गया है। इसी प्रकार 300, दसवीं पास मितानिनों को ए.एन.एम. पाठ्यक्रम में दाखिला दिलाने की प्रक्रिया जारी हैं।
- राज्य सरकार द्वारा ''मुख्यमंत्री मितानिन कल्याणकारी कोष'' की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य मितानिनों को आवश्यकतानुसार वांछित सहायता पहुंचाना हैं।

ferkfuu gYi MLd%& वर्तमान में 15 जिला अस्पताल पर मितानिन हेल्प डेक्स और 136 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मितानिन हेल्प डेक्स सक्रिय रूप से चल रहा है।

tu ifrfuf/k;ksa dh Hkwfedk%&

- स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न सामाजिक योजनाओं में जनभागीदारी बढ़ाना। श्रमदान, अनाज बैंक जैसे कार्यो को ग्रामों में सुनिश्चित करना।
- स्वस्थ पंचायत के अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के माध्यम से सभी पंचायतों के व्यवहारिक स्वास्थ्य योजना बनाने तथा उसके सफल कियान्वयन में सहयोग देने हेतु मितानिनों को तैयार करना।
- व्यवहार परिवर्तन एवं संचार किट पर मितानिन को प्राप्त प्रशिक्षण पश्चात् ज्यादा से ज्यादा परिवार भ्रमण के मितानिन को सहयोग देना।
- राष्ट्रीय कार्यकमों – क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ नियंत्रण कार्यकम, मलेरिया और जननी सुरक्षा योजना आदि पर मितानिन को प्रोत्साहन दिलाने में।

- स्वयं सेवी मितानिनों का सम्मान पंचायत/ग्राम स्तर पर सुनिश्चित करना। ANM-, मितानिन, सचिव के मध्य समन्वय हेतु विशेष प्रयास कराने हेतु प्रयास करना।
- मितानिनों को इलाज हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों CHC, PHC, जिला अस्पताल में निःशुल्क एवं सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान कराना।
- संयोजक मितानिनों को सहायता देना।
- ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना में ग्राम स्वास्थ्य योजना के आधार पर स्वास्थ्य/स्वच्छता व पोषण संबंधी बिंदुओं को सम्मिलित करना। इसमें जनपद व जिले स्तर के संबंधित बिंदुओं हेतु अग्रिम कार्रवाई करना।

dk;Øe dk dk;kZUo;u & राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित।

कार्यक्रम की रूप रेखा, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र छत्तीसगढ़ द्वारा।

मुख्यमंत्री स्वस्थ्य पंचायत योजना

iLrkouk%

मुख्यमंत्री स्वस्थ पंचायत योजना, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में गत तीन वर्ष से संचालित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायतों के काम में स्वास्थ्य की जगह बनाना एवं स्वास्थ्य के मुददों पर पंचायतों की भूमिका को बढ़ाना है।

मुख्यमंत्री स्वस्थ पंचायत योजना को क्रियान्वित करने हेतु ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य स्थिति को नापने के लिये सूचकांकों को विकसित किया गया है।

dk;Zde dk mnns';%

- समुदाय, विशेष कर पंचायत के सदस्यों को पंचायत एवं पारा स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति एवं पहुंच की जानकारी हो सकें।
- पंचायतों के समग्र प्रदर्शन को परिभाषित सूचकांकों के आधार पर उनके मजबूत, विशिष्ट और कमजोर पहलुओं की पहचान कर पंचायतों की रैंकिंग करना।

- पंचायत के साथ –साथ उच्च स्तर पर अधिक अभिशरण के लिये हितग्रहियों को बढ़ाना देना।
- प्रत्येक पंचायतों में रैंकिग में सुधार के साथ–साथ उनकी अपनी स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने हेतु स्वास्थ्य पंचायत योजना के निमार्ण और उसके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना।

;k tuk fd ;kUo;u d ie[k pj.k%

1- ekuo fodkl lpdkdk dk p;u%

वर्तमान में पंचायत की स्वास्थ्य स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, स्वास्थ्य संबंधी सामुदायिक व्यवहार, पोषण, शिक्षा, जल एवं स्वच्छता के पहलुओं की स्थिति को नापने हेतु 10 मानव विकास सूचकांक किया गया है, जिनमें सहस्त्राब्दि विकास उददेश्यों (एम.डी.जी.) से जुड़े महत्वपूर्ण लक्ष्यों को भी शामिल किया गया है। इस प्रकार राज्य की हर पंचायत के लिए एम.डी.जी. की निगरानी स्वस्थ पंचायत सूचकांको के माध्यम से की जा सकती है। जो कि निम्नानुसार हैः–

- संस्थागत प्रसव।
- मच्छरदानी का उपयोग।
- सुरक्षित पेयजल।
- रोजगार गारंटी योजना।
- एक साल तक के उम्र में बच्चों की मौत।
- 6–12 माह के बच्चों में ऊपरी आहार।
- पेयजल स्त्रोतों की सुरक्षा।
- शौचालय का उपयोग।
- स्कूल नामांकन।
- बच्चों में कुपोषण।

2- vkdMk ,d=hdj.k@lxg.k%&

राज्य के लगभग 3000 मितानिन प्रशिक्षकों को उपरोक्त सूचकांको पर पारा स्तरीय आकड़ा एकत्रीकरण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। आकड़ा संग्रहण, पारा स्तरीय बैंठकों एवं परिवार सर्वेक्षण के संयोजन के माध्यम से किया गया। इस प्रक्रिया में पंचायत के अधिकांश वार्ड पंच शामिल हुए। यह एक समन्वित प्रयास था जिसमें पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि, सेवा प्रदायकर्ताओं जैसे –ए.एन.एम. आगंनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ सामुदाय के अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

एकत्रित पारा स्तरीय आकड़ों को पंचायत समेकन प्रपत्र में समेकित गया। प्रत्येक पंचायतों के सरपंच द्वारा पंचायत समेकन प्रपत्र की पुष्टि की गई। पंचायत समेकन प्रपत्र की एक प्रति पंचायत को प्रदान की गई, ताकि वह कमजोर पारा और पंचायत के प्रमुख व कमजोर पहलूओं को पहचान सकें।

3- vkdMk dk fo'y"k.k %&

राज्य के 146 में से 143 विकासखण्डों 9295 पंचायतों एवं 58989 ग्रामीण पारों के आकड़ों का कम्प्यूटीकरण राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र, द्वारा रायपुर में किया गया। पारा स्तरीय आकड़ों को पंचायत

स्तरीय सूचकांको पर समेकित किया गया। प्रत्येक सूचकांको का प्रतिशत निकाला गया। राज्य में प्रत्येक पंचायत के लिये समग्र स्वास्थ्य एवं मानव विकास सूचकांक की गणना की गई।

4- iapk;r Lrjh; ekuo fodkl lwpdkad dh x.kuk %&

सभी पंचायतों के लिये, प्रत्येक 32 सूचकांको पर स्कोर निकाला गया। प्रत्येक सूचकांकों के लिये, विकासखण्ड में अधिकतम एवं न्यूनतम प्रतिशत निकाला गया। सूचकांक–स्कोर निकालने के लिये मानव विकास सूचकांक के सूत्र का उपयोग किया गया:–

okLrfod izfr'kr & U;wure izfr'kr

Ldksj ¾ &&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&&

vf/kdre izfr'kr & U;wure izfr'kr

अतः किसी भी पंचायत को मिलने वाला स्कोर उस विकासखण्ड के अन्य पंचायतों के प्रदर्शन से तुलनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है।

5- iapk;r dh jSfdax ,oa Js.kh@oxhZdj.k %&

समग्र मानव विकास सूचकांकों के स्कोर के आधार पर प्रत्येक विकासखण्ड के पंचायतों की रैंकिग तैयार की गई। इस प्रकार, किसी भी पंचायत के लिये हम देख सकते हैं कि उस विकासखण्ड में वह अन्य पंचायतों की तुलना में किस स्थिति में है। उनके रैंकिग के आधार पर प्रथम दो एवं अंतिम दो पंचायतों को पुरूस्कार एवं सहयोग राशि प्रदान की गई।

राज्य में सभी पंचायतों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। वर्गीकरण सांख्यिकीय के औसत और मानक विचलन के आधार पर किया गया है। साथ ही उनको अलग–अलग रंग से संबोधित किया गया है ताकि समझने में आसानी हो सके।

Js.kh@oxhZdj.k	jax	ekinaM ¼ekuo fodkl lwpdkad esa izkIr vad dk vk/kkj ij½
अच्छा	हरा	एक मानक विचलन से ज्यादा
औसत		पीला औसत से अधिक व एक मानक विचलन तक
कमजोर	संतरा	औसत से कम व एक मानक विचलन तक
अति कमजोर	लाल	एक मानक विचलन से भी कम

उपरोक्त प्रक्रिया से आए परिणामों को स्वास्थ्य विभाग छत्तीसगढ़ शासन के वेब साइट **www.cghealth.nin.in** में अपलोड किया गया है साथ ही वर्ष 2007 के सर्वेक्षण के परिणामों को राज्य के सभी पंचायतों, विकासखण्ड, जिला एवं राज्य अधिकारियों हेतु प्रिंटिंग कर भेजा जा रहा है।

tu ifrfuf/k;ksa ls vi{kk&

पंचायत, विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधियों द्वारा विकासखण्ड एवं जिले में अच्छा व कमजोर प्रदर्शन करने वाले पंचायत एवं अन्य पंचायतों की तुलना में किस स्थान में खड़ा है इसका विश्लेषण कर ग्राम स्तरीय, विकासखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय योजना बनाने में मददगार होगी।

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का क्रियान्वयन, अनुश्रवण आदि राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र के तकनिकी सहयोग से मितानिन संरचना द्वारा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिषन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति

iLrkouk

ग्रामों के संपूर्ण विकास के लिए संविधान की धारा 40 की मूल भावना अनुसार 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1993 के अनुरूप हमारे राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों, जनपद पचायतों व जिला पंचायतों का गठन किया गया है। ग्रामों के विकास हेतु कई कार्यो को उत्तरदायित्व ग्राम पंचायतों को सौंपे गए हैं। चूकि पंचायतों को कई जिम्मेदारियां सौंपी गई है, और सरपंच द्वारा सभी कार्यो का निर्वहन भी अकेले नहीं किया जा सकता। इसलिए कार्यो को सुचारु रुप से क्रियान्वियत करने के लिये नवीन संषोधनों के साथ छत्तीसगढ़ पंचायती राज्य व्यवस्था में 5 स्थायी समितियां बनाई गई है, जिनको अलग–अलग जिम्मेदारियाँ सौंपी गई है।

इन समितियों में से मानवीय संसाधनों के विकास से जुड़ी स्थायी समिति ''शिक्षा स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण ''समिति है। इन सभी समितियों का सभापति सरपंच होता है तथा चार पंच सदस्य होते हैं। उपसरपंच प्रत्येक समिति का पदेन सदस्य होता है। ''राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन'' के अंतर्गत मिले अवसर का लाभ लेते हुए ग्राम स्तर पर ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति (Village Health And Sanitation Committee) का गठन किया है। ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के द्वारा पंचायतीराज अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्थायी समिति ''शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण समिति'' का सुदृढ़ीकरण किया जा सकता है, जिससे लोक स्वास्थ्य के व्यापीकरण में सफलता भी सुनिश्चित हो सकेंगी।

dk;lde dk mnn';

- ''ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति'' का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायतों की स्थाई समिति''शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण समिति'' को कार्यशील बनाया जाना।
- ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति द्वारा स्थानीय स्तर पर योजना बनाकर कार्य करें।
- ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में महिला समूहों, स्वयं सहायता समूहों या अन्य नागरिक संगठनों के प्रतिनिधियों को स्थान देना।

- ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठकों में ''शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण समिति'' के सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा ताकि इससे संबंधित पारो, वार्डो या पंचायत के आश्रित ग्रामों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को बेहतर तरीके से ग्राम स्तर पर चिन्हित कर पायेंगे और ग्राम वासी बैठक के द्वारा उस समस्या का निदान कर सकेंगे।

xke LokLF; ,oa LoPNrk lfefr dk fdz;kUo;u

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के गठन हेतु छत्तीगढ़ शासन द्वारा एक विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए है जिसके सदस्यों, अध्यक्ष के चयन, संयोजक–सचिव के चयन सहित कार्य, उत्तरदायित्व, अनटाईड फंड के उपयोग संबंधी बातों का विवरण दिया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों की भूमिका भी स्पष्ट की है। इस समिति का गठन इस प्रकार किया गया है कि ग्राम में मौजूद सभी समितियों का लाभ लेते हुये पंचायत स्थायी समिति का सुदढ़ीकरण हो सके व ग्राम स्वास्थ्य योजना का निमार्ण हो सके।

orZeku fLFkfr%

- राज्य में 18587 ग्रामों में समिति का गठन किया जा चुका है। उनमें से 17733 समिति का खाता खोलकर 16633 समितियों में राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। इन समितियों में लगभग 3 लाख से अधिक सदस्य चयनित किए गए है।
- राज्य में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के लगभग 65000 सदस्यों को ग्राम स्वास्थ्य योजना बनाने पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिनमें से 1000 से ज्यादा ग्रामों में ग्राम स्वास्थ्य योजना का निमार्ण प्रारंभ हो चुका है।
- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के सदस्यों की भूमिका एवं जिम्मेदारी पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई गई है जो की समिति की सक्रियता को बढ़ाने में मददगार साबित हुई है।
- लगभग 10 से ज्यादा ग्रामों ने समिति को पंचायत भवन प्रदान किया है, जो कि समिति को एक संस्था का रूप दे रही है।
- लगभग 1000 से अधिक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के क्षेत्र अध्ययन से यह निष्कर्ष सामने आया है कि समितियां निम्न क्षेत्रों में योजना बनाकर अनटाईड फंड का उपयोग कर रही हैः–

dz-	*en*	*xfrfof/k*
1	स्वास्थ्य	बच्चों एवं बड़ों हेतु वजन मशीन खरीदना, केरोसीन स्प्रे, डिलिवरी टेबल, महामारी की जानकारी हेतु यात्रा व्यय, पोलियो/मलेरिया यात्रा के लिये बैनर, दीवार लेखन, नवजात के लिये दुध का प्रबंध, डिलिवरी हेतु आर्थिक सहयोग, स्वास्थ्य रैली, शिशु संरक्षक माह के लिये रैली, मितानिन दवापेटी हेतु दवाई का प्रबंध करना, फिल्म प्रदर्शन।
2	स्वच्छता	नाली की साफ सफाई, हैण्ड पंप की सफाई, नाली निमार्ण, केरोसीन स्प्रे, मुर्रम, पानी टंकी का निमार्ण, दीवार निमार्ण, हैण्ड पंप का रिपेयर, नहानी का निमार्ण।

3	सामाजिक कार्य	मच्छरदानी, जानकारी बोर्ड, गरीबों के इलाज हेतु, संस्थागत प्रसव हेतु यात्रा व्यय, बैठने की जगह का निमार्ण, वृक्ष की कटाई, प्रेरणा दल यात्रा में सहयोग, बच्चों में कुपोषण एवं दस्त के इलाज हेतु, मरीज के आर्थिक सहयोग हेतु, मितानिन के नेम प्लेट हेतु, महिला के शादी के लिये आर्थिक सहयोग, टी.बी. के इलाज हेतु।
4	संस्थागत विकास	ड्रम, कुर्सी, दरी, रजिस्टर, फाइल, स्टेषनरी़ खरिदना, बैंक खाता खोलना, समिति हेतु बोर्ड निमार्ण, भवन निमार्ण कार्य हेतु।
5	प्रेरणा	प्रशिक्षित दाई को प्रसव हेतु प्रोत्साहन, सक्रिय सहयोग हेतु मितानिनों को प्रोत्साहन।

tu ifrfuf/k;k ls vi{kk&

स्थानीय स्तर पर समिति के सदस्यों व गांव के प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में गांव की समस्याओं पर चर्चा कर इन समस्याओं के समाधान हेतु पंचायत, जनपद व अन्य स्तर पर ले जाना व प्रयास कर समस्या के समाधान को सुनिश्चित करना।

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का क्रियान्वयन, अनुश्रवण आदि राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र के तकनिकी सहयोग से मितानिन संरचना द्वारा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

अन्य राज्य प्रवर्तित महत्वपूर्ण योजनाएँ

मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना

योजना का उद्देश्य	–	योजना के तहत गरीब/अत्यंत निर्धन परिवारों को खाद्यान्न के रुप में 1 रुपये/2 रुपये प्रति किलो चॉवल प्रदान करना।
पात्रता	–	ग्राम पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत के गरीब परिवार
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	ग्राम पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत
संपर्क	–	ग्राम पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/ नगर पंचायत

छत्तीसगढ़ अमृत नमक योजना

योजना के उद्देश्य	–	योजना के तहत् अनुसूचित जाति/ जनजाति सहित गरीब परिवारों को प्रतिमाह 2 किलों आयोडिन युक्त नमक निःशुल्क प्रदान करना।
पात्रता	–	ग्राम पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत के गरीब परिवार
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	ग्राम पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत
संपर्क	–	ग्राम पंचायत/नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत

प्रतिशत ब्याज दर पर कृषि ऋण योजना

योजना का उददेश्य	–	कृषि की ब्याज दर 14 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को कृषि ऋण प्रदान करना।
पात्रता	–	ग्राम पंचायत के किसान परिवार।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	ग्राम पंचायत ।
संपर्क	–	सरपंच ग्राम पंचायत/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।

सरस्वती साईकल योजना

योजना का उद्देश्य	–	हाईस्कूल स्तर की अनुसूचित जाति एवं जनजाति एवं बी.पी.एल. परिवार की छात्राओं को निःशुल्क साईकल प्रदान योजना।
पात्रता	–	अनुसूचित जाति/जनजाति एवं बी.पी.एल. परिवार की छात्रायें।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत/विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी
संपर्क	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत/ विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी

वन भूमि का पट्टा योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत अनुसूचित जाति एवं अन्य परपंरागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के अंतर्गत पात्र वनवासियों को अधिकार पत्र दिया जाना।
पात्रता	–	अनुसूचित जाति एवं अन्य परपंरागत वनवासी
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	वन विभाग
संपर्क	–	वन क्षेत्रीय अधिकारी, (ब्लाक स्तरीय)

निःशुल्क चरण पादुका योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत तेन्दुपत्ता संग्राहकों का निःशुल्क चरण पादुका का वितरण
पात्रता	–	तेन्दु पत्ता संग्राहक
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	वन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन
संपर्क	–	वन क्षेत्रीय अधिकारी, (ब्लाक स्तरीय)

किसान समृद्धि योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत सिंचाई नलकुप के लिये सामान्य वर्ग के किसानों को अनुदान 25 हजार रुपये प्रदान करना।
पात्रता	–	सामान्य वर्ग के किसान
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत/कृषि विभाग
संपर्क	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत /फील्ड अधिकारी, कृषि विभाग

मुख्यमंत्री बाल हृद्य योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत हृदय रोग के पीडित 5 से 15 वर्ष तक के आयु के बच्चों का इलाज एवं आपरेशन योजना के तहत 1 लाख 20 हजार तक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। वाल्व बदलने की स्थिति में 50 हजार रुपये अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।
पात्रता	–	5 से 15 वर्ष के आयु के बच्चे
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/स्वास्थ्य विभाग
संपर्क	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत/स्वास्थ्य विभाग के ब्लाक चिकित्साधिकारी ।

मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत 6 वर्ष तक के आयु के गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर आंागनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से नजदीकी सरकारी अस्पताल में भेजकर स्वास्थ्य परिक्षण एवं इलाज। आवश्यकता पड़ने पर सरकारी डाक्टर की अनुशंसा पर निजी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करना।

पात्रता	–	6 वर्ष तक आयु के गंभीर कुपोषित बच्चे ।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	खंड स्तरीय चिकित्साधिकारी / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।
संपर्क	–	खंड स्तरीय चिकित्साधिकारी / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।

दीनदयाल ग्रामीण आवास योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में आवासहीन गरीब परिवार को मकान बनाने के लिये प्रति परिवार 9 सौ वर्ग फिट भूमि का वितरण।
पात्रता	–	ग्रामीण क्षेत्र के आवासहीन ग्रामीण परिवार ।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।
संपर्क	–	सरपंच, ग्राम पंचायत / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।

पहुॅच विहीन ग्रामों में अनाज बैंक योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत प्रदेश के पहुॅच विहीन तथा दुर्गम क्षेत्र में गरीबी रेखा जीवन यापन करने वाले परिवारों को भूखमरी से बचाने हेतु 2000 अनाज बैक स्थापित कर खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार रखना एवं जरुरत पड़ने पर अनुसूचित जनजाति एवं गरीबी रेखा श्रेणी परिवारों को एक वर्ष में अधिकतम 2 क्विटल चॉवल ऋण के रुप में उपलब्ध कराना।
पात्रता	–	अनुसूचित जनजाति एवं गरीबी रेखा श्रेणी के परिवार।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।
संपर्क	–	सरपंच, ग्राम पंचायत / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत।

उजियारा योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत ग्रामीण अंचलों में केरोसिन (मिटटी तेल) वितरण को सुगम बनाने हेतु हाट बाजारो में बिना राशन कार्ड के दो लीटर केरोसिन प्रदान करना।
पात्रता	–	ग्रामीण अंचल के मतदाता।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	सरपंच, ग्राम पंचायत ।
संपर्क	–	सरपंच, ग्राम पंचायत ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 6 जिलें दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा के बी.पी.एल. परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना। बीमित बी. पी.एल परिवार को प्रतिवर्ष 30 हजार रुपये का स्मार्ट कार्ड स्वास्थ्य बीमा पत्रक प्रदान करना। इस राशि से बीमित बी.पी.एल. परिवार के मुखिया और 4 सदस्य अपना इलाज शासकीय तथा अच्छे निजी चिकित्सालय में करा सकेगें।
पात्रता	–	छत्तीसगढ़ के चयनित 6 जिलों के बी.पी.एल. परिवार ।
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, ब्लाक चिकित्साधिकारी ।
संपर्क	–	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, ब्लाक चिकित्साधिकारी।

अन्नपूर्णा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र योजना

योजना का उददेश्य	–	योजना के तहत शहरी क्षेत्र के सामुदायिक विकास समिति से जुडी महिलाओं को रोजगार व्यवसाय एवं अपनी गतिविधियों के संचालन हेतु भवन एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराना। महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने के महत्वपूर्ण योजना।
पात्रता	–	सामुदायिक विकास समिति से जुड़े स्व–सहायता समूह एवं समितियॉ
क्रियान्वयन एजेन्सी	–	नगर पंचायत, नगर निगम एवं नगर पालिका
संपर्क	–	नगर पालिका अधिकारी / आयुक्त, नगर निगम

–––0–––

मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना

योजना का उददेश्य	–	6 अप्रैल, 2010 से प्रारंभ इस योजना के तहत् जन्मजात मूक–बधिर पैदा होने वाले बच्चों की सर्जरी के माध्यम से *dkfDy;j bEIykV* किया जाता है तथा इस उपकरण के मदद से उनके सुनने एवं बोलने की क्षमता का विकास किया जावेगा। बी.पी.एल. परिवार के बच्चों की सर्जरी हेतु *6 yk[k* रूपये तथा ए.पी.एल. परिवार के बच्चों हेतु रूपये *4 yk[k* अनुदान की पात्रता होगी।
पात्रता	–	मूक बधिर बच्चे।
क्रियान्वयन एजेंसी	–	ग्राम पंचायत / जनपद पंचायत / स्वास्थ्य विभाग / नगर पंचायत / नगर निगम, नगर पालिका।
संपर्क	–	अम्बेडकर अस्पताल में ई.एन.टी. विभागाध्यक्ष / सचिव स्वास्थ्य छत्तीसगढ़ शासन / ब्लाक स्वास्थ्य अधिकारी / सी.इ.ओ जनपद पंचायत।

–––0–––

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास संस्थान

ifjp; %&

''छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास संस्थान'' की स्थापना 24 अक्टूबर 2001 को हुई एवं संस्थान के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन 30 अप्रैल, 2005 को हुआ।

nf"V (Vision)

स्थानीय शासन के सभी स्तरों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, लोक सेवकों एवं नगरीय निकाय संगठनों के प्रतिनिधियों की विकसित क्षमता जिससे अधिकतम सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ के लिए संसाधनों का प्रबन्धन करते हुए एवं समावेशी एवं संवहनीय विकासय तथा सुशासन सुनिश्चित करना।

fe'ku&(Mission)

समावेशी एवं संवहनीय विकास के लिए नये उपयोगी ज्ञान का सृजन एवं प्रसार करते हुए, संस्थान एक विश्व स्तरीय उत्कृष्ट ज्ञान संस्था के रूप में विकसित होना चाहता है, ताकि संस्थान, छत्तीसगढ़ तथा भारत के अन्य राज्यों में ग्रामीण विकास एवं स्थानीय शासन में सुधार हेतु मार्गदर्शन की योग्यता प्राप्त कर सकें।

"Sharing knowledge for Inclusive Growth"

dls igp&

परिसर रायपुर से जगदलपुर मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.43 पर ग्राम निमोरा में स्थित है। सड़क मार्ग से परिसर की दूरी रायपुर से 17 कि.मी. है। रेलमार्ग से रायपुर जंक्शन हावड़ा–मुंबई पथ पर स्थित है। वायु मार्ग से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, भुवनेश्वर, नागपुर एवं विशाखापटनम शहरों से सीधे रायपुर पहुंचा जा सकता है।

N-x-jkT; xkeh.k fodkl lLFkku
fuekjk] jk;ij & 492001 NÙkhlx<
njHkk"k% +91771&2473204]2473210
QDl% +91771&2473214
b&ey%+**ps.dir@nic.in**
*oc lkbV%***http://www.cgsird.gov.in**